राज
कॉमिक्स विशेषांक
संख्या 0570
चैलेंज
सुपरकमांडोध्रुव
अनुपम vinod
RAJ COMICS
राज कॉमिक्स
BY MANOJ GUPTA
संस्थापक
श्रद्धांजलि
वर्ष 2021

जीना अपने आप में एक चुनौती है। सुपर कमांडो ध्रुव के लिए तो ये चुनौती और बड़ी हो जाती है। क्योंकि कभी मौत क़ो चुनौती देने के लिए वह खुद अपने जीवन को दांव पर लगा देता है और कभी दूसरे उसकी जान को दांव पर लगा देते हैं, क्योंकि उनको देना है सुपर कमांडो ध्रुव को...

कथाः जॉली सिन्हा / चित्र : अनुपम सिन्हा / इंकिंग : विनोदकुमार / सुलेख एवं रंगः सुनील पाण्डेय / सम्पादकः मनीष गुप्ता

SONICON

Boomerang

KILL ELECTRO

KILL GLADIATOR

याऽऽऽऽऽ व्हाट ए मूव!

ओए, झंटी! बंद कर ये चांय-चांय! हम यहां पर 'कंबाइंड-स्टडी' करने के लिए इकट्ठे हुए हैं! WWF देखने के लिए नहीं!

WWF

AV

कम ऑन श्वेता! तू तो वैसे ही काफी ब्रिलियेंट है! तुझे पढ़ाई की क्या जरूरत है? वैसे भी पढ़ाई के बीच-बीच में ऐसी चीजें देख लो तो दिमाग फ्रेश हो जाता है!
राइट, शंटी! मैं तो परसों राजनगर में होने वाले W.W.F कार्निवाल में ग्लेडिएटर की फाइट देखने भी जा रहा हूं! दो टिकट हैं! जिसको चलना हो, साथ हो लेना!
तेरा दिमाग खराब हो गया है, बंटी!
याद नहीं, परसों से हमारे फाइनल एग्जाम शुरू हो रहे हैं! तू एग्जॉम के बीच में फाइट देखने जाएगा!
क्यों बंटी?
हूम! दिस इज ए प्रॉब्लम! अब मुझे इसको सॉल्व करने का चैलेंज लेना ही होगा!
तू प्रॉब्लम का कौन सा पार्ट सुलझाएगा! फाइट को टलवा देगा या एक्जाम को पोस्टपोन करवा देगा?
मेरा फाइट को टलवाने का मन नहीं है! इसीलिए सोच रहा हूं कि एक्जाम को ही टलवा दूं!
PHYSICS

हा हा हा! बंटी एक्जाम टलवाएगा! क्या करेगा तू? कॉलेज में दंगा करवाएगा? या प्रिंसिपल को धमकी दिलवाएगा? बता! बता!
शांत जेसिका! आजकल एक्जाम टलवाने का सबसे सीधा तरीका है पेपर को लीक करा देना।
पेपर लीक कराने के लिए ऑरिजिनल पेपर का तुम्हारे पास होना जरूरी है! पर वो पेपर है प्रिंसिपल के पास! भूल जा ये आइडिया!
चैलेंज! आई एक्सेप्ट इट!
चल शंटी! आ जा! पेपर लीक कराना है!
और तुम लोग आराम से WWF देखो! अब फीजिक्स का पेपर कम से कम परसों नहीं होगा!
ओए, चल, चल! डिस्टर्ब मत कर पढ़ने दे!
और हां, यहां से फूटने के लिए थैंक्स!
यार शंटी! चैलेंज तो ले लिया मैंने! पर पेपर लीक कैसे होगा?
चल प्रिंसिपल के रूम में चोरी करते हैं!
ए शंटी! एक बात ध्यान रख! चैलेंज को पूरा करने के लिए कोई क्रिमिनल काम नहीं करना है!
कुछ ऐसा आइडिया सोच कि वह पेपर अपने-आप हमारे सामने आ जाए!
मिल गया आइडिया! सुन बंटी, तेरे चैलेंज को पूरा करने के लिए हमें चाहिए एक कंप्यूटर और एक कैमरा विद ज़ूम लेंस! डिजिटल कैमरा मिल जाए तो और बढ़िया है!
है न! शंटी-बंटी द ग्रेट के हजारों यार हैं! चल उनमें से किसी से कैमरा और कंप्यूटर लेकर उन पर एहसान कर देते हैं! पर अपनी प्लानिंग तो बता!
सुन! पहले हम अपनी थोड़ी सी तैयारी करेंगे...

"और फिर कॉलेज जाकर दौड़ते हुए प्रिंसिपल के रूम में घुसेंगे और कहेंगे-"
सर! सर! गजब हो गया, सर!
जब से तुम दोनों कॉलेज में आए हो तब से तो रोज गजब हो रहा है!
अब आज क्या हो गया है?
फिजिक्स सेकेंड इयर का पेपर लीक हो गया है सर! ये देखिए! मेरे हाथ में वही पेपर है!
FINAL EXAMINATION
PHYSICS
इंपासिबिल! तुम झूठ बोल रहे हो! वे पेपर तो मेरी सेफ में बंद हैं, और उस सेफ की चाबी सिर्फ मेरे पास है!
तीनों ही बातें सही हैं सर। मैं जानता हूं! ये पेपर तो मैंने अभी-अभी कंप्यूटर पर बनाया है!
बट, सर! ये वही पेपर हैं! आप इसको ऑरिजिनल पेपर से चेक करके देख लीजिए! एक-एक क्वेश्चन ध्यान से मिलाइएगा सर! इस पेपर में 90 परसेंट प्रश्न ऑरोजिनिल पेपर से ही लिए गए हैं!
ये क्या मुसीबत है। झंटी की बात पर भरोसा करना बेवकूफी है! पर चेक तो करना ही पड़ेगा!
ठीक है! नाऊ यू गो! गो!

ये रहा ऑरोजिनल फिजिक्स का पेपर! और ये है शंटी वाला पेपर! पहले पेज पर तो दोनों पेपरों के एक भी सवाल मैच नहीं करते!

लेकिन शंटी ने पूरा पेपर चेक करने को कहा था! कहा था कि 90 परसेंट सवाल मिलते हैं!
हर पेज को मिला-मिलाकर चेक करना होगा!

साफ दिख रहा है न बंटी?
हां, शंटी! हर पेज की फोटो डिजिटल कैमरे में उतर रही है!
तू बस आसपास नजर मारता रह कि कहीं कोई आ न जाए!

हद है बदमाशी की! वैसे शुक्र है भगवान का कि शंटी ने मेरे साथ मजाक किया! इन दोनों पेपरों का एक भी सवाल आपस में नहीं मिलता है! पेपर लीक नहीं हुआ है!

अब इस ओरीजिनल पेपर को संभालकर सेफ में वापस रख देता हूं!

और शंटी को बुलवाकर उसकी ऐसी खबर लेता हूं कि उसको बुखार चढ़ जाए!
चपरासी!
सर!
शंटी का पता लगाओ और उसे मेरे सामने लाओ!

अच्छा! तो तुम भी इसमें शामिल थे! यानी अब सज़ा सिर्फ शंटी को नहीं तुमको भी मिलनी चाहिए!
सज़ा क्यों, सर! हमसे तो बस इतनी ही गलती हुई है कि हम आपको गलत पेपर दे गए!
असली पेपर त ये है! इस बा के लिए तो हम इनाम मिलना चाहिए!
अ... असली पेपर?

और फिर-
येssss
देखा, श्वेता, जेसिका! अब शंटी-बंटी को चैलेंज जरा सोच-समझकर देना!
पर तुम लोगों ने किया क्य
चट
एक नकली पेपर को कंप्यूटर पर बनाया! उसको प्रिंसिपल को दिया! उसने अपनी सेफ में से असली पेपर निकालकर उसको चेक किया! तभी हमने ज़ूम कैमरे से असली पेपर की फोटो उतार ली!
और उन डिजिटल फोटोग्राफ्स को कंप्यूटर में डालकर प्रिंट आऊट निकाल लिया! बस हो गया पेपर लीक!

पता है बंटी! तूने अपनी इस हरकत से कितने स्टूडेंटस का नुकसान किया है! अब उनको दुबारा इस पेपर की भी तैयारी करनी पड़ेगी। और एक्जाम लंबे खिंच गए वो अलग!
कम ऑन, श्वेता! चैलेंज में सब चलता है! मैंने बगैर कोई अपराध किए पेपर को कैंसिल करा दिया, बस!
और इस बात का इल्जाम कोई हम पर लगा भी नहीं सकता!
क्योंकि पेपर के फोटोग्राफ्स की कॉपी तो हमको जमीन पर गिरी मिली थी!
याSSSS हु हु हु!
अगर प्रिंसिपल की जगह ध्रुव होता तो तुमको जरूर पकड़ लेता!
ओए जा, श्वेता! तू हमारी फ्रेंड है! इसीलिए तुम्हारा भाई हमसे आज तक बचा हुआ है!
श्योर! वर्ना शंटी-बंटी किसी का भी बोरिया-बिस्तर समेटवा सकते हैं!
ध्रुव का भी!
हुंह! ये मुंह और मसूर की दाल!
छोड़ न यार! ग्लेडिस्टर की फाइट देखने मैं भी तेरे साथ चलूंगा!
हे भगवान! काश, कोई इन दोनों को सबक सिखा सके!
पर ये दोनों कभी पकड़े भी तो नहीं जाते!
बाद में-
क्या हुआ?
आज मेरी बहन उदास क्यों है? इतनी उदास कि मुझको छेड़ भी नहीं रही है!
फिजिक्स का पेपर लीक होने की वजह से कैंसिल हो गया है!
अरे, तब तो तुम्हें खुश होना चाहिए!
एक दिन की छुट्टी और मिली! पर ये पेपर लीक हुआ कैसे?
छोड़ो न भइया! कॉलेज में तो कुछ न कुछ होता ही रहता है!
बस दिक्कत ये है कि अब उस पेपर की सारी तैयारी दुबारा करनी पड़ेगी!
तू अपनी तैयारी कर! मैं अपनी तैयारी करता हूं!

"कैसी तैयारी भईया?"
" कल से राजनगर में WWF के ग्रैंड फाइनल की फाइटें शुरू हो रही हैं! दुनिया भर के नामी-गिरामी पेशेवर पहलवान या तो लड़ने या ये मुकाबला देखने यहां पर आ रहे हैं! उनकी सिक्योरिटी के लिए राजनगर पुलिस ने व्यापक तैयारी कर रखी है! और इस तैयारी की देख-रेख का जिम्मा मुझको दिया गया है श्वेता! मैं वहीं पर जा रहा हूं जहां पर ये फाइट होनी है-"
"ग्रेट भइया! पास तो तुमको मिले ही होंगे! मुझे भी ले चलो न फाइट देखने के लिए! बंटी-झंटी को मत बताना! पर मैं भी WWF की फैन हूं!"
"ओ. के. श्वेता! सेन्नी थिंगट्ट फ्रेश अप योर मूड! कल तुम चलना मेरे साथ-"
WWF
लेडीज एंड जैंटल मैन! अब आपके सामने होने जा रही है दुनिया को थर्रा देने वाली एक फाइट जो ये फैसला करेगी कि कौन है शक्ति का वह भंडार जिसके शरीर पर WWF की बेल्ट सजेगी!
26
27
ओए, श्वेता! तू यहां क्या कर रही है यार! लड़कियां कभी-कभी इतनी मारपीट देखकर बेहोश हो जाती हैं!
डोंटटेक सो मच रिस्क!
इस पोंगे को अगर ये पता होता कि चंडिका के रूप में मैं इससे भी खतरनाक लड़ाईयां खुद लड़ चुकी हूं तो शायद ये सुनकर ही बेहोश हो जाता!
अब बक-बक मत कर! सुनने दे इसकी बात! वर्ना यहां पर अगली फाइट श्वेता वर्सेस बंटी होगी!

अब आपके सामने आ रहा है वह शख्स, वह वहशी दरिन्दा जिसकी आंखों को बगैर खून देखे चैन नहीं पड़ता! हड्डियां चटकने की आवाज सुनने को उसके कान तरसते रहते हैं! लेडीज एंड जेंटलमेन, मिलिए खून के प्यासे वैम्पायर से! और आज ये WWF की चैम्पियन बेल्ट पाने के लिए जिसको चुनौती दे रहा है वह है...
... अपने खाली हाथों से शेर तक की गर्दन को तोड़ डालने वाला, गिरती छत को अपनी बाजुओं से थाम लेने वाला और आज तक एक भी हार का स्वाद न चखने वाला योद्धा... द ग्लेडिएटर!
ATOR
अब ये दोनों मसल्स के पहाड़ आपस में जब टकराएंगे तो चिंगारियां उड़ेंगी और आपकी आंखें चकाचौंध हो उठेंगी!
राजनगर के दीवानों! अपनी- अपनी आंखें और चश्में साफ कर लो, क्योंकि...

दि फाइट बिगिन्स!

और ये फाइट डिसाइड करेगी कि कौन होगा अगला...

...WWF चैम्पियन!

येssss! ग्लेडिएटर! कीमा बना डाल वैम्पायर का!

कम ऑन ग्लेडिएटर!

वैम्पायर आज सारा खून पी जाएगा ग्लेडिएटर का! ग्लेडिएटर रिंग से जिन्दा बाहर नहीं जाएगा!

ये सभी वाकई दीवाने हैं! इनको इस बात का कतई अंदाज नहीं है कि ये फाइट सिर्फ एक खेल है!

और खेल में सिर्फ जीत-हार होती है!
न जिन्दगी ली जाती है और न मौत दी जाती है!
यह फाइट सच्चाई थी या नाटक, इस बात से अधिकतर दर्शकों को कोई सरोकार नहीं था-
वैसे भी मैंने सुना है कि WWF की अधिकतर फाइटें पहले से ही फिक्स होती हैं!
अब पता नहीं इस बात में कोई सच्चाई है या नहीं!
वाह! वाह! क्या दांव मारा है वैम्पायर ने! यह तो असली वैम्पायरों की तरह हवा में उड़-उड़कर ग्लेडिएटर को मार रहा है!
ओए! ये क्या कहा तूने? कहीं ये असली वैम्पायर ही तो नहीं है! ग्लेडिएटर से वैसा ही कोई भिड़ सकता है!
क्या फाइट है यार! क्या फाइट है! भगवान कसम, टिकट के पूरे पैसे वसूल हो गए!
आऽऽऽ! मुझे तो नींद आ रही है! ये सारी फाइट बनावटी लग रही है! मैंने भइया की कुछ असली फाइटें देखी हैं! उनके सामने तो ये फाइट रामलीला लग रही है!
ओए देख! वैम्पायर ग्लेडिएटर का खून निकालकर चाट रहा है! हाऊ एक्साइटिंग!
तुझे ऐसा टॉमाटो सॉस मिले तो तू भी चाट लेगा, बंटी!
वैम्पायर ने नाखूनों में टॉमाटो सॉस भर रखा है!

ओए, बस कर, श्वेता! मजा खराब मत कर!
मजा हो तो खराब होगा न!
कुश्ती अब अपने पूरे उफान पर थी-
धममममम
ग्लेडिएटर ने वैम्पायर को सीजर- ग्रिप में फंसा लिया है! वैम्पायर तड़प रहा है!
लगता है कि WWF चैम्पियन ग्लेडिएटर अपना खिताब बचाने में कामयाब हो जाएंगे!
ग्लेडिएटर बुरी तरह से घायल है! पर लगता है कि चोटों ने उसके गुस्से को और भड़का दिया है!
वैम्पायर अब लड़खड़ा रहा है! वह लड़खड़ा रहा है!
लेकिन नहीं, नहीं! वैम्पायर ने अपने दांतों को ग्लेडिएटर के बदन में गड़ा दिया है!
कहीं इन दांतों में वैम्पायर का जहर तो नहीं भरा है! ऐसा ही है! ऐसा ही है!

ग्लेडिस्टर लड़खड़ा रहा है! उस पर जहर का असर हो रहा है! पांसा पलट गया है! इट्स अनबिलिवेबल!
अब ग्लेडिस्टर लड़ने की हालत में नहीं है! लोग फ़ाऊल-फ़ाऊल चिल्ला रहे हैं! पर वैम्पायर पर इसका कोई असर नहीं है!
ह्रोssss! उसने ग्लेडिस्टर को हवा में उठा लिया है!
290 पौंड के ग्लेडिस्टर को हवा में उठा लिया है! कमाल की ताकत का प्रदर्शन कर रहा है वैम्पायर!
ग्लेडिस्टर नीचे गिर गया है! वह उठ नहीं पा रहा है! वह हार गया है! ओssss
रेफरी ने घोषणा कर दी है! नाऊ वी हैव ए न्यू चैम्पियन!
नया WWF वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन है!
वैम्पायर!
हाsssह!
बोरिंग नाटक खत्म!
इससे ज्यादा मजा तो भइया की फाईट में आता है!

भईया की फाइट, भईया की फाइट! कान पक गए मेरे ये बात सुन-सुनकर! ये फाइटिंग रिंग है, श्वेता, और वह भी WWF के प्रोफेशनल पहलवानों का!

तू सच्चाई को देखकर भी अनदेखा कर रहा है बंटी! साफ लग रहा था कि ये पहलवान ऐसी फाइट लड़ रहे थे जिनकी पूरी रिहर्सल की गई थी! सब-कुछ बनावटी था!

चल, चल! बहस खत्म कर! जो हो नहीं सकता, उस पर बात ही क्यों करें!

हो सकता है! क्यों नहीं हो सकता! अब तो मैं अपनी बात को साबित करके ही दिखाऊंगा! ध्रुव और WWF चैम्पियन वैम्पायर की फाइट कराऊंगा! तब ध्रुव की पिटाई देखकर तू भी मान जाएगी कि इन फाइटों में कुछ भी बनावटी नहीं होता है!

ये तेरे दिमाग का वहम है श्वेता! अगर ध्रुव इस रिंग में इन भीमकाय पहलवानों से भिड़े तो दो मिनट भी नहीं टिक पाएगा!

ध्रुव एक सुपर हीरो जरूर है, पर वह दिमाग से लड़ता है! और फाइटिंग रिंग में दिमाग की नहीं, ताकत की जरूरत होती है!

ध्रुव की पिटाई! हा हा हा! देख, मुझे हंसा मत! मेरा मूड नहीं है!

और वैसे भी, भईया ऐसी फाइट्स में हिस्सा नहीं लेता है!

लेगा, श्वेता, लेगा! तुम तो जानती हो कि झंटी-बंटी जब कोई भी चैलेंज लेते हैं तो उसको पूरा करके ही दिखाते हैं!

आ, जा झंटी! और तू बस दस मिनट वेट कर!

पर तुम जा कहां रहे हो?

इस शो के 'इवेंट-मैनेजर से बात करने के लिए!

झंटी-बंटी के अंदर किसी भी इंसान को अपने काम के लिए मना लेने की अद्भुत क्षमता थी-

क्योंकि थोड़ी ही देर बाद-

वेट, वेट, वेट, लेडीज एंड जेंटलमैन! जाइएगा जरूर पर एक महत्त्वपूर्ण सूचना सुनने के बाद!

WWF चैंपियन शिप फाइट तो खत्म हो गई पर इससे भी बड़ी एक फाइट अभी बची हुई है!...

...और वह फाइट है...

WWF चैंपियन वैम्पायर और दुनिया भर में मशहूर सुपर हीरो सुपर कमांडो ध्रुव के बीच!

श्वेता, आग बबूला हो रही थी-

तुम इस फाइट के लिए तैयार कैसे हो गए? तुम तो ऐसी एग्जिबीशन फाइटों में कभी हिस्सा नहीं लेते।

और अगर ये लड़ाई हुई तो वह वैम्पायर तुम्हारा कीमा बना देगा!

ओफ्। तू मेरी कुछ ज्यादा ही चिन्ता करती है! मैं जनता की भलाई के लिए लड़ता हूं! और इस लड़ाई से भी जनता की भलाई ही होगी!

और मैं असली फाइट लड़ने नहीं जा रहा हूं। ये एक दोस्ताना फाइट है! एग्जिबीशन फाइट! वैसे भी तू जानती है कि WWF की फाइटें कैसी होती हैं!

लेकिन शंटी-बंटी का ख्याल कुछ और ही था-

शैंठी, बैंठी! यू आर ग्रेट गाइज!

तुम्हारा वजह से हमको ध्रुव से लड़ने का चांस मिलेगा!

आप उसके बारे में इतने अच्छे ख्याल रखते हैं! पर वह तो आपको पीटने की सोच रहा है! वह कह रहा था कि ये सारी फाइटें फिक्स होती हैं!

और WWF के पहलवानों में दम तो होता ही नहीं है!

इस मुकाबले को देखने के लिए हर कोई दीवाना हो उठा था। टिकटों के लिए लंबी-लंबी कतारें लग चुकी थीं। पर अफसोस, शो हाउसफुल हो चुका था-

लेकिन एक अच्छी खबर भी थी! ये मुकाबला टी.वी चैनलों पर 'लाइव' दिखाया जा रहा था! तो जिनको टिकट नहीं मिल पाया था, उनमें टी.वी. के सामने की सबसे अच्छी कुर्सी हथियाने की होड़ लगी थी!

मुकाबला शुरू होने वाला था-

नाऊ विटनेस द ग्रेटेस्ट फाइट ऑफ द WWF हिस्ट्री! चैंपियन वैम्पायर वर्सेस...

... सुपर कमांडो ध्रुव!

द फाइट बिगिंस!

DHRUVA is the BEST

शेक हैंड्स, और मुकाबला शुरू करो!

कहानी 19 पेज से जारी

हम इसका ओनली हैंड-शेक नहीं करेगा बल्कि पूरी बॉडी शेक करेगा!
धड़ाक
आऽऽऽह! यह तो सचमुच मुझको मार रहा है!
WWF में ऐसे घातक वार करने की इजाजत नहीं है!
कम ऑन, वैम्पायर! तुम क्या कर रहे हो? सिर्फ एक 'एग्जिबीशन-फाइट' है!
एग्जिबीशन हो या प्रोफेशनल फाइट! वैम्पायर हमेशा जीटटा है!
धाड़
एंड दिस टाइम हम तुमको अपना दम दिखाएगा!
एंड अईसा हम करेगा, तुम्हारा दम निकाल के! तुम्हारा डेड बॉडी का एग्जिबीशन करके!

लेकिन क्यों? व्हाई? मैंने ऐसा क्या किया है जो तुम मेरा दम निकालने पर उतारू हो!
क्योंकि तुम अपने आपको बहुत बिग सुपर हीरो समझटा हाय! हम प्रोफेशनल रेसलर्स को ड्रामाबाज कहटा हाय!
मैंने कब...
आई विल मेक यू ए पेशेंट फॉर लाइफ!
टुम अपना बाकी लाइफ हॉस्पीटल के बेड पर पास करेगा!
धड़ाक
घन के भी वार इन वारों से शायद हल्के होते थे-
ओहो हो!
आऊsss
बड़ी मार पड़ रही है ध्रुव को! चचच! दुश्मन साइज में उसका दुगुना और ताकत में चौगुना है! अब ध्रुव क्या करेगा?
मैं बताता हूं! ध्रुव एक तो दिमाग का इस्तेमाल करता है, और दूसरा घटनास्थल पर पड़ी चीजों का! वह रिंग के चारों तरफ बंधी रस्सी खोल लेगा! और उससे वैम्पायर को बांध देगा!
नहीं, नहीं! वह स्टार लाइन को हॉल की छत पर अटका देगा! और उससे लटककर वैम्पायर को पटक-पटककर मारेगा! शर्त लगा ले!
हुम! एक तरीका और है!
ओ शटअप! ध्रुव मार खा रहा है और तुम लोग मजाले रहे हो? शेम ऑन यू!
औsss! मार भाई को पड़ रही है, और कराह बहन के मुंह से निकल रही है! पर ये फाइट तो नाटक होती है न!
डोंट वरी श्वेता! ध्रुव पिट नहीं रहा है! बस ऐसा लग रहा है कि वह पिट रहा है! यू नो इट!

नेवर गिव चैलेंज टू शंटी-बंटी! बंटी-शंटी हर चैलेंज को जीतते हैं!
जस्ट वॉच, मिस्टर शंटी एंड बंटी! इस बार तुमने चैलेंज मुझे नहीं... ध्रुव को दिया है!
और मेरा भाई चैलेंज कभी नहीं हारता!
स्टॉप, वैम्पायर! स्टॉप!
मुझे मजबूर मत करो!
व्हाट मजबूर? नहीं तो तुम क्या कर लेगा?
वर्ना मुझको पलट वार करना पड़ेगा।
अरे! तुम पर तो असर ही नहीं हुआ!
और पांचों को एक साथ किक करता हूं!
प्रैक्टिस करते टाइम मैं तुम जैसा चार-पांच पिद्दियों से एक साथ लड़ता था!
ओह हो! श्वेता, बोलो तो हम जाकर फाइट को रुकवा दें!
क्यों? अब जब वैम्पायर के पिटने की बारी आने वाली है तो तुम डर क्यों रहे हो?

श्वेता ने स्थिति को एकदम सही आंका था-
स्थिति ध्रुव के बर्दाश्त से बाहर हो गई थी-
आई एम सॉरी वैम्पायर! पर इस एग्जिबीशन फाइट को असली फाइट का रूप देने का काम तुमने ही किया है!

नाऊ वैम्पायर इज फिनिश्ड! जब ध्रुव ने एक बार तय कर लिया है तो अब वैम्पायर के जीतने की संभावना जीरो परसेंट है!
वैम्पायर WWF चैंपियन है! ऐसे एक दो वार खाने से उसका कुछ नहीं बिगड़ेगा!
बात एक दो वार तक ही होती तो ठीक था-
लेकिन यहां तो वार ताबड़तोड़ हो रहे थे-
धड़ाक
बस चूहे! बहुत उछलकूद कर ली तूने! अब मैं तेरा खून पीयूंगा!
वैम्पायर तेरा खून पीकर तुझको अपना शिकार बनाएगा!
वैम्पायर के नुकीले दांत ध्रुव के शरीर में गड़ने के लिए आगे बढ़े-
मुझे पता है वैम्पायर कि इन खोखले नकली दांतों में तुम नशे का पाउडर भर कर रखते हो।
इसी दांव से तुमने ग्लेडिएटर को हराया था।
पर यह दांव मुझ पर नहीं चलेगा।
लेकिन यह काम लोहे के चने चबाने के बराबर था-
कड़
तड़ड़

जुपिटर सर्कस के स्ट्रांगमैन और मेरे कुश्ती के गुरू हर्कुलिस ने मुझे बताया था कि कुछ खास गुरों की मदद से एक साधारण इंसान भी शक्ति के वह कारनामें दिखा सकता है जो दर्शकों को दांतों में उंगलियां चबाने पर मजबूर कर दे!
और उनमें से एक गुर आज मैं तुम पर आजमाने जा रहा हूं!
ये दृश्य ही ऐसा था कि हर दर्शक चकित हो उठे-
और लड़ाई का यह अंत न तो वैम्पायर के लिए सुखद था-
और न ही शंटी-बंटी के लिए-
ओ यार! शिट्!
वैम्पायर तो बड़ा पिलपिला निकला!
पिलपिला था नहीं! ध्रुव ने इसको पिलपिला बना दिया है!
शंटी बंटी! श्वेता को जब मन चाहे चैलेंज दे देना!
पर ध्रुव से दांव कभी मत लगाना! हमेशा हारोगे!
75 किलो के ध्रुव ने 130 किलो वजन वाले वैम्पायर को हवा में उठाया हुआ था-

वैम्पायर के टूटे दांत
वैम्पायर: बेल्ट पाई इज्जत खोई
WWF
हद हो गई यार! अपनी लाइफ में ये पहला चैलेंज है जो हम ध्रुव के कारण हारे हैं!
सारा मूड खराब हो गया!
सच कहा यार! अब जब तक हम ध्रुव को पानी न पिला दें तब तक हमें चैन पड़ने वाला नहीं है!
चल कुछ मूड फ्रेश करते हैं!
एग्जिबीशन पार्क में इंडस्ट्रियल साइंस फेयर लगा हुआ है!
सही कहा! वी नीड सम चेंज!
इंडस्ट्रियल साइंस फेयर ऐसे आविष्कारों के प्रदर्शन का मंच था जो भविष्य में उद्योगों की प्रगति में महत्त्वपूर्ण योगदान निभा सकते थे-
ये रोबॉट आर्म तो कमाल का आविष्कार है! इसको पचास तरह के काम करने के लिए प्रोग्राम किया जा सकता है! वाऊ!
ARM
ZERO GRAVITY
अरे! उधर देख!
काम की चीज तो वह है!

वाह! क्या ये सूट सचमुच 'एंटी ग्रैविटी' पैदा कर सकता है!
अभी ये टेस्टिंग स्टेज पर है! अभी इसके पूरी तरह से काम करने में कम से कम पांच साल और लगेंगे!
वैसे भी ये सूट सिर्फ एक मॉडल है! इसमें कोई यंत्र नहीं लगे हुए हैं!
'फेयर' आज शाम को खत्म हो रहा है! उसके बाद हम इस सूट को सेल कर देंगे!
सच में! मेरा ऐसा सूट खरीदने की तमन्ना न जाने कब से थी! कितने का होगा ये सूट?
यही कोई पचास हजार रुपए के आसपास होगा!
आप इसे खरीदने में इंटरेस्टेड हैं क्या?
हां हां! ये तो मेरे बचपन का सपना है!
क्या बक रहा है झंटी! इस बेकार से सूट को खरीदने के लिए अपने बर्तन भांडे बेचेगा क्या?

हम नहीं चाहते कि कोई इस बारे में जाने! हम जरा शर्मीले हैं न!
एज यू विश, सर! नो प्रॉब्लम!
पर बाकी का पैसा भी जल्दी दे जाइएगा।
अगले दिन-
इंडस्ट्रियल साइंस फेयर में कमाल के आविष्कार दिखाए गए हैं! लेकिन ये आविष्कार अगर गलत हाथों में पड़ जाएं तो इनका दुरुपयोग भी हो सकता है!
हंगामा सिटी
विज्ञान का सदुपयोग के साथ दुरुपयोग तो हमेशा से होता आया है! श्वेता! पर विज्ञान चाहे कितना भी शक्तिशाली हो, जीत आखिरकार इंसान के दृढ़ निश्चय की ही होती है!
इस बात को तो तुम एक नहीं कई बार साबित कर चुके हो भईया!
श्वेता की छठी इंद्रिय सही चेतावनी दे रही थी-
सारी तैयारियां हो गई हैं बंटी! मैं वीडियो शूट के लिए एकदम तैयार हूं!
तुझे सूट में जो-जो भी चेंजेज करने थे वे तूने कर लिए हैं न!
हां, शंटी! मैंने पेपर पर नए सूट की पूरी डिजाइन बना-बनाकर उसमें चेंजेज किए हैं!
अब सूट ज्यादा धमाकेदार लग रहा है!
अब मैं आ रहा हूं!
आजा! रस्सियों में लटके हुए सारे 'प्राप्स' एकदम तैयार हैं! रहा-सहा काम 'कंप्यूटर इफेक्ट' से कर लेंगे!

सावधान हो जा ध्रुव! क्योंकि राजनगर में अब आ गया है ग्रेविटो! मेरे पास है एंटी-ग्रेविटी की शक्ति जो किसी भी चीज को हवा में उड़ाने की ताकत रखती है। अब राजनगर वासियों पर ग्रेविटो की हुकूमत चलेगी! और तुझे मिलेगा नगर निकाला!

और ग्रेविटो का यह चैलेंज है कि वह या तो तुझको राजनगर और सुपर हीरोगिरी छोड़ने पर मजबूर कर देगा, या फिर यह दुनिया छोड़ने पर!

तेरे पास चौबीस घंटों का समय है ध्रुव! उसके बाद यह फैसला तू नहीं, ग्रेविटो लेगा!

GR AV ITO

शाबाश बंटी! ग्रेट डॉयलाग डिलवरी है तेरी! मैं अब कैसेट में से कंप्यूटर के द्वारा ये सारी रस्सी एडीटिंग करके मिटा दूंगा! और ऐसा लगेगा कि ग्रेविटो अपनी पॉवर का यूज करके इन सारी चीजों को हवा में उड़ा रहा है!

और उसके बाद हम इन कैसेटों को हर न्यूज चैनेल को पोस्ट कर देंगे! कोई न कोई न्यूज चैनेल तो ऐसा होगा ही, जो इस कैसेट को प्रसारित कर देगा!

और इस कैसेट के एयर होते ही ग्रेविटो ध्रुव की नींद उड़ा देगा। वह गली-गली में ग्रेविटो को ढूंढता फिरेगा!

"पर ग्रेविटो उसको कहीं नहीं मिलेगा-"

"और यह बात ध्रुव की भी नींद उड़ा देगी और राजनगर वासियों की भी-"

तेरे पास चौबीस घंटों का समय है ध्रुव! उसके बाद यह फैसला तू नहीं, ग्रेविटो लेगा!

यह टेप हमको डाक के द्वारा मिला था! भेजने वाले ने अपना नाम और पता नहीं लिखा था।

ओफ्फ! एक और सुपर विलेन! जब से ध्रुव राजनगर में आया है, यहां पर उसको चैलेंज देने के लिए आने वाले सुपर विलेनों की लाइन लग गई है! लड़ते वे दोनों हैं और मुसीबत हम नागरिकों पर आती है!

चल, घर चल! एक और नया विलेन आ गया है राजनगर में! जब तक वह पकड़ा नहीं जाता तब तक तू बाहर खेलने नहीं जाएगा!

क्या पता वह हमारे घर के आसपास ही घूम रहा हो!

पुलिस के लिए भी नया सिर दर्द पैदा हो गया था-

गश्त लगाने वाले हवलदारों की संख्या डबल कर दो! और उनके ड्यूटी-ऑवर भी बढ़ा दो!

हमको राजनगर में कोई भी हादसा नहीं होने देना है!

पर सर... इतना सबकुछ सिर्फ एक वीडियो टेप के कारण? हो सकता है कि किसी ने मजाक किया हो!

यह भी हो सकता है कि ये मजाक नहीं, सच हो, और हम खुद मजाक बन जाएं!

हम कोई रिस्क नहीं ले सकते!

बंटी और झंटी ने जैसा सोचा था उस टेप का इफेक्ट उससे कहीं ज्यादा जोरदार था-

ग्रेविटो से ज्यादा सिर दर्द तो मीडिया ने पैदा कर दिया है! हर नागरिक उस मुसीबत का इंतजार कर रहा है जिसको उसने कभी देखा ही नहीं है!

और इसका कारण सब मुझे ही बता रहे हैं!

इसीलिए जनता में खामख्वाह का आतंक फैला रहे ग्रेविटो को मुझे जल्दी से जल्दी ढूंढकर कानून के हवाले कर देना है!
और इसके लिए मुझको यह पता लगाना होगा कि ग्रेविटो का पहला हमला कब और कहां होगा! अपने दोस्त पशु और पक्षियों को उसकी खोज पर लगाना होगा!
पशु-पक्षियों को तो ग्रेविटो तब मिलता जब वह कहीं पर होता -
ग्रेविटो तो सिर्फ एक नाम था! कागज पर बनी एक ड्राइंग-
और उस ड्राइंग के आधार पर बनी एक पोशाक-
अपने प्लान का पहला स्टेज तो कामयाबी से पूरा हो गया शंटी! अब इस दहशत को और फैलाकर ध्रुव के दिमाग को पूरी तरह से चकरा देना है! और उसके लिए दूसरे स्टेज पर काम शुरू करना होगा! अभी ग्रेविटो की चलती फिरती छाया ने आतंक फैलाया है!
अब ग्रेविटो खुद आतंक फैलाएगा! और इसके लिए वह पब्लिक के सामने आएगा!
अबे मरवाएगा क्या? दहशत, आतंक ये शब्द डायलॉग में ही अच्छे लगते हैं! अगर सचमुच पब्लिक के सामने गए तो पता है न कि ये पब्लिक है, खूब मारती है!
मारने वाली पब्लिक के सामने कौन गधा जा रहा है! हम तो भागने वाली पब्लिक के सामने जाएंगे! ग्रेविटो की ग्रैंड-एंट्री के लिए अपना कॉलेज कैसा रहेगा?
परफेक्ट यार! वहां पर तो सबसे बहादुर हम ही हैं! ठीक है! ग्रेविटो हमारे कॉलेज में आकर भड़ाम-भूड़ुम करेगा! पर ग्रेविटो के कॉलेज में आने के पीछे क्या लॉजिक है?
ग्रेविटो तो ध्रुव को चैलेंज दे रहा है न?
तो... तो... वो... हां, है न? लॉजिक है! अपने कॉलेज में श्वेता भी तो पढ़ती है यार! ग्रेविटो ध्रुव की बहन की तलाश में आएगा!
श्वेता, ध्रुव की बहन है, यह हर कोई जानता है! ग्रेविटो को भी यह बात तो पता होगी न!
ईयाऽऽऽ हू!
अब ध्रुव हिल्लल कर रह जाएगा! बोल कॉलेज में कहां पर एंट्री मारनी है ग्रेविटो को?

"मेरे ख्याल से कॉलेज का 'स्पोर्ट्स हाल' सबसे बढ़िया रहेगा-"
हैलो फ्रेंड्स!
हाय शंटी-बंटी! आ रहे हो?
अभी थोड़ा वार्म अप कर लें! फिर आते हैं! यू कैरी ऑन!
सबने शंटी-बंटी को आते हुए देख लिया है!
अब तू टॉयलेट में जा, और ग्रेविटो को बाहर भेज!
TOILETS
क्या खुसपुस कर रहे हो लूजर्स? फिर कोई नया चैलेंज सोच रहे हो क्या?
श्वेता! ओह नो! हम तो डिस्कस कर रहे हैं कि हम क्या डिस्कस करें! मेरा मतलब क्या खेलें?
ड्रामेबाज!
ओफ़्sss
टॉयलेट के अंदर-
अब बाहर जा! और ग्रेविटो की हवा बना!
पर याद रखना! अगर मुझे मार पड़ी तो तू भी नहीं बचेगा!
अरे! वो सुपर इलेक्ट्रो मैग्नेट कहां रह गया जिसको हमने कॉलेज लैब से पार किया था!
उसको इस ड्रेस में फिट करना था न! वर्ना ग्रेविटो का एंटी-ग्रेविटी वाला इफेक्ट कैसे आएगा?
रिलेक्स यार! तू तो इतनी टेंशन में आ गया कि ये भी भूल गया कि तूने ही रात को मैग्नेट ड्रेस में फिट कर दिया था! बैटरी सहित!
नाटक शुरू हो चुका था-
कौन ग्रेविटो?
भागो! भागो! ग्रेविटो कॉलेज में आ गया है!
अरे वही जिसने टी.वी. पर ध्रुव को चैलेंज दिया था!
ओ गॉड! कहां है वह?

टॉयलेट में!
सब भागो!
हां! ग्रेविटो काफी देर से यहां पर अपने दुश्मन पर पहला वार करने का इंतजार कर रहा था। पर अब वह इंतजार पूरा हो चुका है!
मेरे दुश्मन ध्रुव की बहन श्वेता यहां पर आ चुकी है!
मैं तो बहुत पहले यहां पर आ गई थी। फिर ये किस बात का इंतजार कर रहा था?
शटअप! बात बीच में मत काटो! मैं डायलॉग मतलब अपनी बात भूल जाता हूं!
ध्रुव ने मेरी चेतावनी का कोई जवाब नहीं दिया! अब उसे जवाब देने पर मजबूर होना पड़ेगा! जब उसकी बहन का टूटा बदन उसके सामने जाएगा!
बताओ! कौन है ध्रुव की बहन श्वेता?
मैं हूं! और एक बात और बता दूं...

कहानी 35 पेज से जारी

मुझसे मिलकर तुमको खुशी बिल्कुल नहीं होगी!
चुपचाप मुझसे पिटती जा तो तुझे कम तकलीफ होगी!
चुपचाप तो मैं अपने मां-बाप से भी नहीं पिटी! रो-रोकर पिटती थी बचपन में!
आऊ! यह तो मुझे पता ही नहीं था कि श्वेता जंगली बिल्ली की तरह लड़ती भी है!
ग्रेविटो से लड़ने की कोशिश करेगी तो जान गंवाएगी लड़की!
अब तुम जैसों को मैं रुला-रुलाकर पीटती हूं!
आंए! शंटी मुझको मरवाकर ही रहेगा! एक तो यह बिना डरे मुझको पीटती जा रही है!
और मुझको उस इलेक्ट्रो मैग्नेट का कंट्रोल ही नहीं मिल रहा है जो शंटी ने इस सूट में फिट किया था!
अब तो ग्रेविटो की कहानी खत्म होकर ही रहेगी!
आहा! मिल गया कंट्रोल!
तूने ग्रेविटो पर हाथ उठाकर अच्छा नहीं किया! अब देख ग्रेविटो की ताकत!
सुपर मैग्नेट के ऑन होते ही मैग्नेट लोहे की चीजों को अपनी तरफ हवा में उड़ाता आ खींचेगा और इफेक्ट ऐसा पैदा होगा जैसे ये चीजें एंटी ग्रेविटी की शक्ति से उड़ रही हैं!
आऽऽऽह!

और इन चीजों को अपने पास तक पहुंचने से पहले ही मैं इलेक्ट्रो- मेग्नेट को बंद कर दूंगा!
तुम्हारे पास शक्ति है लेकिन इस शक्ति का सही प्रयोग करना तुमको नहीं आता!
वर्ना दूसरी चीजों को उड़ाकर मुझ पर वार करने के बजाय तुम मुझको ही हवा में उड़ा देते!
ठन्न्न्न
ऐसे!
अरे, बंटी भाई तो पिट रहा है! श्वेता से हमको ऐसी उम्मीद कतई नहीं थी! कुछ करना पड़ेगा! वर्ना अगर कहीं ध्रुव यहां पर आ गया तो...
आहsss अब तो भागना ही पड़ेगा और उस झंटी को तो मैं ऐसा प्लान बनाने के लिए उतना ही मारूंगा, जितनी मार मैं खा रहा हूं!
अब हां... अगर तू लड़की न होती तो मैं तुझे जिन्दा नहीं छोड़ता! पर ग्रेविटो लड़कियों पर हाथ नहीं उठाता अगर यहां पर तेरा भाई होता तो मैं अपना सही रूप दिखाता!

हट मेरे रास्ते से!
ओऽऽऽ ह!
बचो, श्वेता!
झंटी, तुम!
हां, श्वेता, मैं तुमको अपनी जान पर खेलकर बचाने आया हूं!
चलो! मैं तुमको इस शैतान से दूर किसी सुरक्षित जगह पर ले चलता हूं। जैसे कि इस हॉल से बाहर!
पर...पर झंटी! सुनो तो!
मैं इसको पकड़ लूंगी!
नहीं श्वेता! तुम अपनी जान गंवा दोगी!
आऽऽऽ ह! थैंक्स बंटी! वैसे तू पिटने से बच गया! अब मैं भी फटाफट टॉयलेट में जाकर फिर से बंटी बन जाऊं!
स्पोर्ट्स हाल के बाहर-
तूने ये क्या किया झंटी? मैं उस ग्रेविटो के बच्चे को पीट रही थी।
हा हा हा! बहादुरी दिखाना तो अच्छी बात है! लेकिन झूठ बोलना... चू चू चू!
झूठ? मैं झूठ बोल रही हूं। तूने देखा नहीं कि मैं ग्रेविटो को कैसे पीट रही थी?
कमाल है यार! एक तो मैंने तेरी जान बचाई, और तू मुझे थैंक्स देने के बजाय कोस रही है!
तू मदद नहीं करता तो मैं तुझे थैंक्स देती!
और वह तेरी पूंछ कहां है? वह बंटी?
ओ माई गॉड!
क्या हुआ?
वह तो टॉयलेट में ही रह गया! शायद डर के मारे बाहर ही नहीं निकला! हे भगवान! उसे बचा ले! बचा ले भगवान!
चुप रह! मुझे सुनने दे!
अंदर से कोई आवाज नहीं आ रही है!

लेडीस गो इन!
हॉल तो खाली है! लगता है ग्रेविटो यहां से चला गया है!
संभलकर, श्वेता! वह तुम पर हमला करने के लिए यहां आया था!
मेरी छोड़, बंटी की चिन्ता कर! वह है कहां? कहीं दिख नहीं रहा है!
अरे हां!
बंटी!
बंटी, कहां है तू?
म... मैं यहां हूं!
ग्रेविटो चला गया क्या?
चला गया, शेरखान! अब तू बाहर आ जा!
कहां गया ग्रेविटो?
भईया, तुम? तुम यहां कैसे? तुमको कैसे पता चला कि ग्रेविटो यहां पर आया था?
हा हा हा! चला गया न! शायद उसे आभास हो गया था कि बंटी टॉयलेट के अंदर अपना काम खत्म करके आने वाला है!
चुप रह! तुझे तो उसको देखकर ही टॉयलेट आ गई होगी!
श्वेता!
एक चिड़िया ने मुझे बताया! पर वह यहां पर आया क्यों था?
मुझ पर हमला करने के लिए! पर मैंने भी उसको इतना मारा कि वह भाग खड़ा हुआ!

तूने ग्रेविटो को भगा दिया! हाहा हा हा!
भईया, यू आर इंसल्टिंग मी!
सारी सिस्टर! मुझे हंसी इसलिए आ गई क्योंकि तू तो चूहे तक से डर जाती है। ग्रेविटो तो चूहे से काफी बड़ा है!
वह तो इसलिए डर जाती हूं...
...ताकि तुमको यह शक न हो कि मैं ही चंडिका हूं!
हां, हां, बोल, बोल!
रहने दो! पर हां, यह बात हंड्रेड परसेंट सच है कि मैं ग्रेविटो को पीट रही थी!
आई एम सॉरी, श्वेता! मेरे कारण ग्रेविटो ने तुम पर हमला किया!
पर ये उसका आखिरी बार था!
अब अगला वार मैं करूंगा!
और फिर-
आऽऽऽह! अब ग्रेविटो और पब्लिक एपियरेंसेस नहीं करेगा! और करनी पड़ी तो हॉस्पीटल के आस-पास करूंगा। ओफ्फ! सारा बदन दर्द कर रहा है!
श्श्श! बाद में रोना!
अभी देख! अपना ये प्लान एकदम सटीक बैठा है!
न्यूज सुन!
ग्रेविटो को उसकी धमकी के बाद आज पहली बार राजनगर में तब देखा गया जब उसने शामनाथ कॉलेज में आकर ध्रुव की बहन श्वेता पर हमला किया...
...ग्रेविटो को देखे जाने की खबर से पूरे शहर में दहशत फैल गई है! क्योंकि कोई नहीं जानता कि ग्रेविटो कौन है और उसका अगला निशाना क्या होगा!
पुलिस के साथ-साथ ध्रुव पर भी इस बात का दबाव बढ़ गया है कि वह ग्रेविटो का जल्दी से जल्दी पता लगाकर उसको सलाखों के पीछे पहुंचाए!
यस! हमने कर दिखाया! ध्रुव को इतना परेशान आज तक किसी ने नहीं किया होगा!

आऽऽऽऽह!
कराहता क्यों है? कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी तो पड़ता है!
फ़िलहाल तो खो मैं रहा हूं और पा तू रहा है!
अच्छा! अच्छा! मैं तेरे लिए हल्दी वाला दूध लाता हूं! पीते ही तेरा दर्द छू मंतर हो जाएगा!
ले! बन गया हल्दी वाला दूध!
लाओ!
अरे! तू ग्रेविटो वाला सूट पहनकर क्यों आ गया? जिस रूप में पिटा था, उसी रूप में ठीक होना चाहता है क्या?
हां!
गट्ट गट्ट गट्ट!
तू चलकर लेट, मैं खाने की तैयारी करके आता हूं!
जैसी तेरी मर्जी!
आ गया तू! कहां है मेरा हल्दी वाला दूध?
दूध! दूध तो तू पी गया! अभी-अभी तो तू किचन में आया था।
मैं? मैं कब आया?
तू! तू आया था! तूने... ग्रेविटो वाला सूट पहन रखा था!
ओ माई गॉड! कहीं... कहीं...

बंटी! ग्रेविटो वाला सूट कहां है?

वो तो अलमारी में बंद है! पर हुआ क्या?

आ... आ... म... मेरे साथ!

हकला क्यों रहा है?

अब तू... तू भी हकला!

प... पर क्यों?

क्योंकि तेरा दूध... ग्रेविटो पी गया है!

दूध का गिलास अभी भी इसके हाथ में है!

ग्रेविटो! पर ग्रेविटो तो सिर्फ एक सूट है!

अब नहीं है! ये सूट सिर्फ एक मॉडल नहीं है! असली सूट है!

कंपनी वालों की गलती से मॉडल कंपनी में पड़ा रह गया, और असली सूट साइंस फेयर में आ गया जिसको तुमने खरीद लिया!

ओ गॉड! ये तो गड़बड़ हो गई!

पर ये...ये बातें तुम कैसे जानते हो?

कुछ बातें सूट की मेमोरी में फीड हैं और कुछ बातें मुझे बंटी की मेमोरी से तब पता चलीं जब इसने दो बार इस सूट को पहना!

पर तुम हो कौन?

मुझे तुम एक रोबोट समझ लो। वैसे मैं इस सूट का 'ऑटोमैटिक मूवमेंट कंट्रोलर' हूं! मुझे तुम अमूक कह सकते हो! मैं तुम्हारी मेमोरी से 'एक्टीवेट' हुआ हूं! और तुम्हारी ड्राइंग ने ही मुझको यह नया रूप दिया है!

इसीलिए तुम मेरे मालिक हो, और मैं तुम्हारा गुलाम! अब तुमको इस ड्राइंग की कोई जरूरत नहीं है! अमूक साक्षात तुम्हारे सामने खड़ा है! आदेश दो!
लेकिन मेरी समझ में आ रहा है, मालिक! तुम्हारी सारी मेमोरी मेरी मेमोरी में ट्रांसफर हो चुकी है! मैं जान गया हूं कि तुम्हारी पहली इच्छा सुपर कमांडो ध्रुव को सुपर हीरो का काम छोड़ने पर मजबूर करना है! यही तुम्हारा चैलेंज है!
और अमूक तुम्हारा चैलेंज अब खुद पूरा करेगा!
या तो ध्रुव सुपर हीरो नहीं रहेगा, या फिर इस दुनिया में ही नहीं रहेगा! पर किसी भी सूरत में तुम्हारा चैलेंज पूरा हो जाएगा!
अरे! चमत्कार! येरोबोट चमत्कारी है! कागज पर बनी ड्राइंग अपने आप गायब हो गई है!
पर ये आदेश मांग रहा है! ऑर्डर! और मुझे कोई भी ऑर्डर समझ में नहीं आ रहा है!
य... ये तो उड़ गया! कैसा अजीब रोबोट है, यार! मालिक को 'तुम' बोलता है! 'आप' बोलना चाहिए न!
तू शॉक से पागल हो रहा है! अरे, देख कितनी बड़ी गड़बड़ हो गई है! गुलेल पकड़ने के चक्कर में हमने तोप थाम ली है!
अब क्या करें? सोच, सोच जल्दी सोच!
एक ही तरीका है! अगर ये सच बोल रहा है तो हमको अमूक के पीछे जाना होगा! और उसको ध्रुव को नुकसान न पहुंचाने का आदेश देना होगा!
राइट! चल!

अलूक को रोकने के लिए इंटी-बंटी के पास ज्यादा वक्त नहीं था-
बंटी को मेमोरी बताती है कि ये श्वेता का घर है! और श्वेता ध्रुव की बहन है! सुपर कमांडो ध्रुव मुझको यहीं पर मिलेगा!
और अगर यहां पर अभी नहीं है तो जल्दी ही आ जाएगा! क्योंकि हर इंसान अपने घर की रक्षा जरूर करता है!
मेरे लॉजिक सर्किट बता रहे हैं कि पहला हमला इस घर पर ही करना चाहिए! एक्टीवेट!
ध्रुव तो घर पर नहीं था-
लेकिन सुरक्षा की दूसरी दीवार घर पर ही मौजूद थी-
श्वेता-
ये... ये क्या हो रहा है! सारी चीजें खिड़की के बाहर क्यों खिंचती जा रही हैं!
मेरी सबसे प्यारी बार्बी भी! ये...ये हो क्या रहा है?
ओ SSS! मेरा...मेरा बदन एकाएक हल्का हो गया है! मैं भी हवा में उड़कर बाहर खिंची जा रही हूं!
किसका है यह काम?
श्वेता को यह जानने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा-

ओह! ये... ये तो ग्रेविटो है! तू फिर आ गया मेरे सामने! लेकिन इस बार तू अपनी शक्ति का इस्तेमाल सही तरीके से कर रहा है!
यानी तू अपनी गलतियों से सीख रहा है!
मैं कभी गलती नहीं करता! मेरे 'लॉजिक सर्किट' हमेशा सही काम करते हैं!
और मुझको तुम नहीं ध्रुव चाहिए! बुलाओ उसे!
मेरे कॉलेज के स्पोर्ट्स हॉल में तुम काफी घबराए लग रहे थे, ग्रेविटो! अभी तो तुम्हारी भाषा ही बदली लग रही है!
काफी आत्म-विश्वास आ गया है तुममें! लेकिन अफसोस!
ये ईंटें तुमको तब तक घेरे रखेंगी जब तक तू चिल्लाकर ध्रुव को नहीं बुलाती!
मैं इस आत्म-विश्वास को एक मिनट में तोड़ दूंगी... आऊऽऽऽ
और ऐसा करने के लिए तुम्हारे पास सिर्फ तीस सेकेंड हैं!
इस बार तो ये काफी खतरनाक वार कर रहा है! इसने पूरी दीवार को 'ग्रेविटी-फ्री' कर दिया है और ईंटें हवा में उड़कर मेरी तरफ आ रही हैं!
उसके बाद ये ईंटें तुमको कस कर तुम्हारा दम निकाल देंगी!
आऽऽऽह! ये ईंटें मुझसे चिपक-कर मुझ पर दबाव डाल रही हैं! मेरी हड्डियों को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं!
इस स्थिति को मुझे ही टालना होगा! क्योंकि भइया को इस मुसीबत से टकराने के लिए मैं कभी नहीं बुलाऊंगी! न जाने इसका मकसद क्या है!
तू फिर एक गलती कर गया ग्रेविटो! आऽऽऽह! ये ईंटें मेरा दम जरूर निकाल रही हैं! पर ये भी हवा में ही हैं और मैं भी!
अब बस मुझको एक हल्का सा 'पुश' चाहिए!

ताकि मैं तुम्हें 'पुश' करके जेल पहुंचा दूं!
धड़ाक
आऽऽऽ ह! मेरे लॉजिक सर्किट्स ने इस मूव की अपेक्षा नहीं की थी।
तुमने मेरे कुछ नाजुक सर्किटों को तोड़ दिया है!
और... और अब मेरे एंटी ग्रेविटी वाले सर्किट ठीक से काम नहीं कर रहे हैं!
पर कोई बात नहीं! मेरे सूट में लगा 'सेल्फ करेक्शन सर्किट' इस सिस्टम को कुछ ही सेकेंडों में ठीक कर लेगा।
पर उन कुछ सेकेंडों के बाद तुम्हारे पास समय ही समय होगा।
लगभग बीस साल का!
आऽऽऽ ह! कमाल है! बंटी की मेमोरी के अनुसार तो तुमको फाइटिंग नहीं आती है! मेरे लॉजिक सर्किट इस डाटा को समझ नहीं पा रहे हैं!
बंटी! उसकी मेमोरी से तुम्हारा क्या संबंध है?
मेमोरी सर्किट में हुए शार्ट सर्किट के कारण मैं गलत बोल गया! पर मुझे ये बताने की इजाजत नहीं है!
और अब उसकी जरूरत भी नहीं है! मेरा 'एंटी ग्रेविटी एसाल्ट सिस्टम' ठीक हो चुका है!
और तुमको ध्रुव को बुलाने के लिए दिया गया टाइम भी खत्म हो गया है!
अब मैं तुमको एंटी ग्रेविटी के एक ऐसे गोले में कैद कर दूंगा जो वायु के अणुओं को निकाल फेंकेगा और तेरा दम घुट जाएगा!
अर्क!
भईया! कहां हो तुम?

आऽऽऽ ह! थैंक्स, भइया! अब मैं सांस ले सकती हूं!
अब पूरा राजनगर भी चैन की सांस लेगा!
क्योंकि अब ग्रेविटो का आतंक खत्म होकर ही रहेगा!
अभी और यहीं!
नहीं! आज तुम्हारी ऐसी हालत होगी कि तुम सुपर हीरो बनना छोड़ने पर मजबूर हो जाओगे!
मैं तुम पर फुल पॉवर एंटी ग्रेविटी बीम का वार करूंगा जो तुमको गुरुत्वाकर्षण की शक्ति से मुक्त करके तुमको अंतरिक्ष में भेज देगा!
ऊऽऽऽऽऽ
तुम्हारे पास यह सोचने के लिए अब सिर्फ पांच सेकंड हैं कि तुम सुपर हीरो का काम छोड़ोगे या ये दुनिया!
मैं कुछ भी नहीं छोडूंगा! न अपना काम न ये दुनिया!
और न ही तुम्हारा पीछा!
स्टार लाइन, बिल्डिंग की छत पर आ अटकी-
और ब्रेसलेट में लगा 'रिवर्स मैकेनिज्म' लाइन को वापस लपेटने लगा-

साथ ही साथ ध्रुव का भारहीन शरीर भी तेजी से नीचे आने लगा-
अमूक उर्फ ग्रेविटो को ध्रुव से इस हरकत की उम्मीद नहीं थी-
आऽऽऽ ह! मैं जो भी लॉजिक लगा रहा हूं,वह उल्टा हो जा रहा है! अब मेरे लॉजिक सर्किट्स पर दबाव पड़ रहा है! उसमें शॉर्ट सर्किट हो रहा है!
लेकिन अभी भी बाजी मेरे हाथ में है! तुम मेरी ग्रेविटी पॉवर से अभी भी बंधे हुए हो! और इस बार मैं ऐसा वार करूंगा जो तुमको सिर्फ सुपर हीरोगिरी से ही नहीं, बल्कि हर काम से छुटकारा दिला देगा! क्योंकि अब मेरा वार तुमको दुनिया से ही छुटकारा दिला देगा!
अरे! ये मुझ पर वार करना छोड़कर नीचे जमीन पर क्यों वार कर रहा है?
मैं नेगेटिव ग्रेविटी जोन बना रहा हूं ध्रुव!
अब यहां की हर चीज नेगेटिव ग्रेविटी की एनर्जी से चार्ज हो गई है!

और अब वे सारी चीजें तुम्हारे शरीर की तरफ तेजी से खिंचेंगी, क्योंकि तुम्हारा शरीर पाजिटिव ग्रेविटी एनर्जी से चार्ज है और विपरीत चार्ज एक दूसरे को आकर्षित करते हैं!
अब ये सारी चीजें हर दिशा से आकर तुम्हारे शरीर से टकराएंगी, और इंसानी भाषा के अनुसार तुम्हारे शरीर की चटनी बन जाएगी!
बंटी, वो देख!
हम सही वक्त पर यहां पहुंचे हैं! ध्रुव की जान खतरे में है! हमें उसको बचाना होगा!
अमूक! मैं तुमको हुक्म देता हूं कि तुम ध्रुव का पीछा छोड़ दो!
ये हुक्म मैं नहीं मान सकता मालिक! क्योंकि ये हुक्म तुम अपनी इच्छा के खिलाफ दे रहे हो!
शंटी, बंटी!
तुम लोग यहां पर क्या कर रहे हो?
ये... ये सब हमारी गलती है ध्रुव! तुमको चैलेंज देने के लिए हमने ही इस रोबोट को एक मामूली मॉडल समझकर खरीदा था! जो कैसेट टी.वी. पर दिखाई गई थी वह स्पेशल इफेक्ट्स से बनी थी! पर ये मॉडल असली रोबोट निकला! और तुमसे चैलेंज जीतने वाली मेरी इच्छा को पूरा करने के लिए यहां आ गया!
मैं समझ गया तुम्हारी राम कहानी! पर फिलहाल तो मुझको अपनी जान बचानी है!

और अपने आपको 'क्रश' होने से बचाने के लिए एक ही तरीका है!

ध्रुव के स्टार ब्लेड, कार की विंड स्क्रीन से टकराते चले गए-

खड़ड़ क्रैश

और ध्रुव का शरीर कमजोर स्क्रीन को तोड़ता हुआ कार के अंदर समा गया-

ध्रुव की तरफ लपक रही सारी चीजों ने कार का कबाड़ बना दिया-

कड़ड़ तड़ममम

वाह, ध्रुव! तुम बच गए! लेकिन ज्यादा देर के लिए नहीं! क्योंकि अब तुम निगेटिव एनर्जी के साथ अपनी पॉजिटिव एनर्जी को मिलाकर ऊष्मा पैदा कर रहे हो! और जल्दी ही ये ऊष्मा लपटों में बदलकर तुमको खाक में मिला देगी!

न तुम अंदर रहकर बच सकते हो और न ही बाहर निकलकर!

नहीं, अमूक! ऐसा मत करो! मैं फिर तुमको आदेश देता हूं कि तुम ध्रुव का पीछा छोड़ दो!

फिर वही बात! पीछा छोड़ दो, पीछा छोड़ दो!

तुम मेरे लॉजिक सर्किट पर दबाव डाल रहे हो!

अब सबसे पहले मुझको तुम्हारा ही मुंह बंद करना पड़ेगा!

अरे, अरे! ये तो बंटी पर ही टूट पड़ा!

आक्! मेरा... मेरा दम निकल रहा है!
ये क्या पंगा ले लिया मैंने? ध्रुव भईया... बचाओ!
ध्रुव पहले ही अपनी कोशिशें शुरू कर चुका था-
और अब वे सा... शरीर की तर... हो रही हैं...
को पानी ही ठंडा कर सकता है!
कोई दूसरा आइडिया आने तक वह 'फायर-हाइड्रेंट' मुझे बचाकर रखेगा!
कार के 'फायर हाइड्रेंट' से टकराते ही पानी का फव्वारा फूट पड़ा! लेकिन-
ओह! यह फायर हाइड्रेंट भी नेगेटिव ग्रेविटी जोन में था! पानी के गोले हवा में उड़कर मुझे घेर रहे हैं! और इस पानी में मैं सांस भी नहीं ले सकता!
क्योंकि इसकी नेगेटिव एनर्जी मेरे फेफड़ों को जला देगी!
और मैं..ओह! यह पानी मेरे काम आ सकता है!
बस मुझको एक रिस्क लेना होगा! कार के बाहर निकलकर ग्रेविटो की तरफ छलांग लगानी होगी!
ग्रेविटी फ्री वातावरण में तैरता हुआ ध्रुव का शरीर ग्रेविटो से जा टकराया-
और पानी ने उसके साथ-साथ ग्रेविटो को भी घेर लिया-
य... ये क्या? मेरे बदन से चिंगारियां क्यों उड़ रही हैं! मेरे... मेरे सर्किट खराब क्यों हो रहे हैं! कर्रर्रर... कट... कट... किटकिट!
क्योंकि मेरे साथ-साथ तुम भी पानी में घिर चुके हो ग्रेविटो!
और पानी से कोई भी इलैक्ट्रॉनिक सर्किट नष्ट होने से बच नहीं सकता!

ओ... ओ... कर्रर्रर्रर्र! मेरे अंदर हर जगह शार्ट सर्किट हो रहा है !! मेरी पावर... खत्म...
ग्रेविटो के खत्म होने से उसके द्वारा पैदा की गई ग्रेविटी की पॉजिटिव और निगेटिव फोर्स भी खत्म हो गई है
मुझे बचाने के लिए थैंक्स, ध्रुव भईया !
सिर्फ थैंक्स नहीं, सॉरी भी बोलो! और दुबारा ध्रुव भईया को कभी चैलेंज मत देना!
अब तो मैं 'चैलेंज' शब्द को ही भूलने की कोशिश करूंगा !
पर तुमको अपनी गिरफ्तारी तो देनी ही होगी बंटी - शंटी! राजनगर में जानबूझकर अशांति फैलाने के जुर्म में! बट आई एम श्योर, तुम्हारी जमानत भी फटाफट हो जाएगी!
और फिर-
बंटी-शंटी आखिर हैं तो नौजवान ही न! जवानी के जोश में ऐसी गलतियां होती ही रहती हैं! लेकिन अब वे सुधर गये हैं!
तुम्हारी मदद के लिए शुक्रिया...

धनंजय! अगर तुम स्वर्ण नगरी के चमत्कारी विज्ञान की मदद से उस मॉडल रोबोट में एंटी-ग्रेविटी और दूसरी वैज्ञानिक शक्तियां न डालते तो शायद शंटी बंटी कभी नहीं सुधरते!

अरे छोड़ो! फिर भी तो वह श्वेता के हाथों से पिटते-पिटते बचा था! पर तुमको यह शक कैसे हुआ कि ग्रेविटो के पीछे शंटी-बंटी का दिमाग है?

कैसे नहीं कब पूछो!

बंटी पर तो मुझे तभी शक हो गया था जब अपने टी.वी टेलीकास्ट में ग्रेविटो ने 'चैलेंज' शब्द का प्रयोग किया था! यह बंटी-शंटी का प्रिय शब्द है!

और फिर जब ग्रेविटो पहली बार उसी कॉलेज में नजर आया, जो शंटी-बंटी का गढ़ है, तब मेरा शक विश्वास में बदल गया!

मैंने तुमसे संपर्क किया और तुमने उस सूट को बंटी-शंटी के घर पर ढूंढ निकाला!

ये सारा नाटक सिर्फ इसलिए करना पड़ा ताकि शंटी-बंटी यह समझ लें कि अगर शरारत हद से आगे बढ़ जाए तो उसका अंजाम बुरा और खतरनाक भी हो सकता है!

पर अगर वे दोनों वहां पर न आते तो?

तो हमारा नाटक तब तक जारी रहता जब तक वे दोनों आकर खुद मार नहीं खाते!

तुम्हारा क्या ख्याल है? अब वे दोनों सुधर गए होंगे या नहीं?

पुलिस लॉकअप में-

ओए, ये न्यूज देख! राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा और कड़ी की गई! अब वहां पर इंसान तो क्या परिन्दे का भी घुस पाना असंभव है!

यार, ये तो पूरी मानव जाति को चैलेंज देने वाली बात है!

क्या बोलता है, भाई?

ले लें ये चैलेंज?

ही ही ही!

समाप्त. (...शायद)